अमर उजाला

उत्कर्ष के 24 वर्ष
अमर उजाला प्रयागराज
स्थापनाः 1997

# आइए अमर उजाला के संग संगमनगरी के भावों को कीजिए साकार

**प्रयागराज।** रजत जयंती वर्ष में प्रवेश के मौके पर समारोहों की शृंखला में अमर उजाला की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संगमनगरी के ऐतिहासिक स्थलों, दृश्यों को उकेरा जा सकेगा।

**आपका शहर आपकी नजर चित्रकला प्रतियोगिता**

इसमें **आपका शहर आपकी नजर** थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को अपनी परिकल्पनाओं को साकार करने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर छात्र-छात्राएं अपनी उत्कृष्ट प्रवृष्टियों के बल पर उपहार जीत सकेंगे। इस चित्रकला प्रतियोगिता से शहर के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रविष्टि भेजते समय उस पर अपना पूरा नाम, पता और मोबाइल नंबर अवश्य लिखें। प्रविष्टियां 10 जुलाई तक भेजी जा सकती हैं।

## पाठकों को भी मिला हस्तियों को चयनित करने का मौका

रजत जयंती समारोह अमर उजाला के पाठकों के लिए भी यादगार होगा। सम्मान समारोहों के लिए किसी भी क्षेत्र में शोहरत कमाने वाली हस्तियों को सम्मानित करने का प्रस्ताव पाठक भी भेज सकते हैं। इसमें किसी भी विधा की प्रतिभा का नाम पाठकों की ओर से प्रस्तावित किया जा सकता है। ऐसी हस्तियों के नाम 10 जुलाई तक भेजे।

**यहां भेजें अपनी प्रविष्टियां**

अमर उजाला का व्हाट्सएप नंबर-**7617566162**
मेल आईडी ald-cityreporter @ald.amarujala.com

## पुरानी प्रतियां लाइए और जीतिए उपहार

अगर आप अमर उजाला के पुराने पाठक हैं तो इस रजत जयंती समारोह में उपहार के भी हकदार बन सकते हैं। इस शहर से अमर उजाला की शुरुआत 16 जून, 1997 में हुई थी। ऐसे में वर्ष 1997 से 2000 तक के अखबार की प्रतियां आपको अमर उजाला कार्यालय में लेकर आनी होंगी। ऐसी पुरानी प्रतियों को एक से 16 जुलाई तक अमर उजाला कार्यालय में दिखाकर उपहार प्राप्त किया जा सकता है।